भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.02.2025

## आरेडिका में महाप्रबंधक आरसीएफ कपूरथला का दौरा

रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के महाप्रबंधक एसएस मिश्रा ने दिनांक–19.02.2025 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री मिश्रा ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कोचों के उत्पादन संबंधी कई मुददों पर चर्चा हुई।

ज्ञात हो कि रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला भी आरेडिका की तरह भारतीय रेल के लिए कोचों का निर्माण करती है यह फैक्ट्री आरेडिका की पूर्वगामी है जिसका आरेडिका के अवसंरचनात्मक विकास एवं उत्पादन में मार्गदर्शिका के रूप में महत्वपूर्ण योगदान है।

आरसीएफ के महाप्रबंधक ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप, फोर्ज्ड व्हील प्लांट आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान तैयार हो रहे दीन–दयालु, एसी3, चेयरकार, एवं लगेज रैक आदि के शेल प्रोटोटाइप के निर्माण का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

19/2/2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी